सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-124
17/03/2016

बिहार में उद्योगों के विकास को दिया जायेगा गति :– मुख्यमंत्री

पटना, 17 मार्च 2016 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज कैम्प कार्यालय, 7, सर्कुलर रोड में उद्योग विभाग की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री के द्वारा बिहार में उद्योगों के विकास को गति देने का निदेश दिया गया। इस बैठक में बिहार में औद्योगिकरण एवं उद्योगों को बढ़ावा देने के विषय पर उद्योग विभाग के सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ के द्वारा पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से बिहार में अर्न्तराष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर के निर्माण पर बल दिया गया।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित उद्योग विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

******